श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

लिखित प्रवेश परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

(शिक्षाशास्त्री (बी.एड्.)/शिक्षाचार्य(एम.एड्.) एवं विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा हेतु नियमों के अनुपालन २०२० हेतु)

प्रवेश-परीक्षा निर्देशिका-2020-2021 के अनुसार शिक्षाशास्त्री(बी.एड्.)/शिक्षाचार्य(एम.एड्.) एवं विद्यावारिधि (पी.एचडी.) की प्रवेश परीक्षा कोविड महामारी के कारण दिनांक 10 मई 2020 को आयोजित नहीं की जा सकी। तकनीकी असुविधा एवं छात्रों की समस्या को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 20 अक्टूबर 2020 को निम्नलिखित नगरों में करने का निर्णय लिया गया है:-

1. दिल्ली 2. पुरी 3. वाराणसी 4. तिरुपति

प्रवेश परीक्षा निर्देशिका 2020-2021 में उद्घोषित सभी नियम यथावत् रहेंगे। केवल प्रश्न पत्र का प्रारूप निम्नलिखित रूप में होगा। अभ्यर्थियों को निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से अनुपालन करना अनिवार्य होगा:-

1. संशोधित नियमों के अंतर्गत सभी पाठ्यक्रमों की लिखित प्रवेश परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र में 100 बहुविकल्पात्मक प्रश्न होंगे जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा तथा परीक्षा की अवधि दो घंटे निर्धारित की गई है। उपर्युक्त पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा में प्रश्न पत्र का विषयवस्तु के अनुसार विवरण निम्न प्रकार है:-

शिक्षाशास्त्री

(i)	संस्कृतभाषा-दक्षता	25 प्रश्न/ 50 अंक
(ii)	सामान्यज्ञान तथा मानसिक योग्यता	25 प्रश्न/ 50 अंक
(iii)	शिक्षण-अभिक्षमता	25 प्रश्न/ 50 अंक
(iv)	संस्कृत-वाड्.मय	25 प्रश्न/ 50 अंक

मूल्यांकन-विधि-

शिक्षाशास्त्री-पाठ्यक्रम संस्कृत-शिक्षकों को तैयार करने हेतु व्यवसायिक पाठ्यक्रम है। अत: शिक्षाशास्त्री की प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थी की उत्तीर्णता के लिए निर्धारित अंक निम्नानुसार रहेंगे। संस्कृतभाषा-दक्षता तथा संस्कृत-वाड्.मय विषय में कम से कम 35% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसी के आधार पर अन्य खण्डों का मूल्यांकन किया जायेगा। इन खण्डों में भी अभ्यार्थियों को 20% अंक न्यूनतम प्राप्त करने अनिवार्य होंगे।

शिक्षाचार्य

(i)	संस्कृतभाषा-दक्षता	25 प्रश्न/ 50 अंक
(ii)	शिक्षा-मनोविज्ञान	25 प्रश्न/ 50 अंक
(iii)	शिक्षा एवं शिक्षण-सम्बद्धता सामान्यज्ञान	25 प्रश्न/ 50अंक
(iv)	संस्कृत-शिक्षण	25 प्रश्न/ 50 अंक

मूल्यांकन-विधि- शिक्षाचार्य-पाठ्यक्रम माध्यम संस्कृत है। अतः शिक्षाचार्य प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थी की उत्तीर्णता के लिए निर्धारित अंक निम्नानुसार रहेंगे। संस्कृतभाषा- दक्षता तथा संस्कृत-शिक्षण विषय में कम से कम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसी के आधार पर ही अन्य खण्डों का मूल्यांकन किया जायेगा।

विद्यावारिधि-(शिक्षाशास्त्र से भिन्न विषयों के लिए)

खण्ड: क	संस्कृत-साहित्य का सामान्य-परिचय	20 प्रश्न/ 40 अंक
खण्ड: ख	शास्त्राणां ज्ञानम्	20 प्रश्न/ 40 अंक
खण्ड: ग	प्रायोगिकव्याकरणम्	20 प्रश्न/ 40 अंक
खण्ड: घ	सामान्यज्ञानम्	20 प्रश्न/ 40 अंक
खण्ड: ड.	शोध-प्रविधि:	20 प्रश्न/ 40 अंक

विद्यावारिधि (शिक्षाशास्त्र)

खण्ड:क	संस्कृत-साहित्य का सामान्य-परिचय	20 प्रश्न/ 40 अंक
खण्ड:ख	शास्त्र-शिक्षणं (दर्शन, व्याकरण एवं साहित्य)	20 प्रश्न/ 40अंक
खण्ड:ग	प्रायोगिकव्याकरणम्	20 प्रश्न/ 40 अंक
खण्ड:घ	शिक्षा दर्शन, शिक्षा-मनोविज्ञान, भारतीय-शिक्षा का इतिहास एवं समस्याएँ	20 प्रश्न/ 40 अंक
खण्ड:ड.	शैक्षिक शोध प्रविधि	20 प्रश्न/ 40 अंक

आकलन विधि- विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा के प्रथम-खण्ड में न्यूनतम 50% (पचास प्रतिशत) अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसी के आधार पर अन्य खण्डों का मूल्यांकन किया जायेगा। उसके बाद ही वरीयता क्रम से चयन होगा।

2. **शिक्षाशास्त्री/ शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि की प्रवेश परीक्षा एवं अन्य गतिविधियों की तिथियों का विवरण निम्नवत् होगा-**

• दिनांक 20 अक्टूबर 2020 प्रवेश परीक्षा (शिक्षाशास्त्री/शिक्षाचार्य)	प्रात: 10:00-12:00 बजे तक
• दिनांक 20 अक्टूबर 2020 प्रवेश परीक्षा (विद्यावारिधि)	मध्याह्न 2:00-4:00 बजे तक
• परिणाम की घोषणा	दिनांक 25 अक्टूबर 2020
• ऑनलाइन काउंसलिंग (शिक्षाशास्त्री/ शिक्षाचार्य)	दिनांक 29 अक्टूबर 2020
• ऑनलाइन काउंसलिंग (विद्यावारिधि)	दिनांक 30 अक्टूबर 2020
• ऑनलाइन शुल्क जमा कराने की तिथि	दिनांक 31 अक्टूबर 2020

नोट:-

1. चयनित अभ्यर्थियों द्वारा पाठ्क्रम प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क ऑनलाइन माध्यम से तीन दिन के अन्दर जमा कराना आवश्यक होगा। जो अभ्यर्थी देय तिथि पर शुल्क नहीं जमा कर पाएँगे उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची में क्रमानुसार अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जायेगा।
2. उपर्युक्त नियमों के अतिरिक्त प्रवेश निर्देशिका-2020 में दिए गए सभी नियम यथावत् रहेंगे।

K. Bharathi Sodha

संकाय प्रमुख /विभागाध्यक्ष

शिक्षा संकाय